76. किस बाजार संरचना में किसी फर्म का माँग वक्र उसका औसत आगम वक्र व सीमांत आगम वक्र भी होता है ?
(a) पूर्ण प्रतियोगिता में
(b) अल्पाधिकार में
(c) एकाधिकार में
(d) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में।

77. दीर्घकाल में किसी वस्तु की कीमत एक होने के कारण पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत वस्तु की माँग रेखा x-अक्ष के समान्तर होती है, अर्थात:
(a) माँग बेलोचदार होती है।
(b) माँग कम लोचदार होती है।
(c) माँग पूर्णतया लोचदार होती है।
(d) माँग पूर्णतया बेलोचदार होती है।

78. शुद्ध लाभ में सम्मिलित नहीं है–
(a) समन्वय का पारितोषिक
(b) जोखिम उठाने का प्रतिफल
(c) नव-प्रवर्तन का पारितोषिक
(d) एकाधिकारात्मक लाभ

79. लाभ पारितोषिक है–
(a) भौतिक श्रम का
(b) मानसिक श्रम का
(c) पूँजी का
(d) अनिश्चितता वहन करने का

80. 'लाभ का नव-प्रवर्तन' सिद्धांत का प्रतिपादन करने वाले अर्थशास्त्री का नाम है–
(a) शुम्पीटर (b) नाइट
(c) क्लार्क (d) हॉले

81. एक खुली हुई अर्थव्यवस्था में, अर्थव्यवस्था की राष्ट्रीय आय (Y) है- (C.I.G.X.M का क्रमशः अर्थ है उपभोग, निवेश, सरकारी खर्च, कुल निर्यात और कुल आयात)
(a) Y = C + I + G + X
(b) Y = C + I + G – X + M
(c) Y = C + I + G + (X – M)
(d) Y = G + I + G + X – M

82. भारत में पूँजी निर्माण के आंकड़ें एकत्रित करने का काम कौन करता है?
(a) भारतीय रिजर्व बैंक और केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन
(b) भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय स्टेट बैंक
(c) भारतीय रिजर्व बैंक और सभी वाणिज्यिक बैंक
(d) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन और राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण

83. निम्न में से कौन-सा एक आर्थिक वृद्धि का परिचायक है?
(a) वर्ष के दौरान स्थिर कीमतों पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि।
(b) वास्तविक प्रति व्यक्ति आय में सुस्थिर वृद्धि।
(c) किसी अवधि में चालू कीमतों पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि।
(d) जनसंख्या में वृद्धि के साथ राष्ट्रीय आय में वृद्धि।

84. विकास का भारतीय मॉडल किसके हितों की सुरक्षा करता है?
(a) व्यक्ति
(b) राज्य
(c) व्यक्ति और राज्य दोनों
(d) उपर्युक्त में से किसी की नहीं

85. X देश में आर्थिक संवृद्धि अनिवार्य रूप से होगी, यदि-
(a) विश्व अर्थव्यवस्था में तकनीकी प्रगति होती है
(b) X में जनसंख्या वृद्धि होती है
(c) X में पूंजी-निर्माण होता है
(d) विश्व अर्थव्यवस्था में व्यापार की मात्रा बढ़ती है

86. किसी दी गई अवधि के लिए एक देश की राष्ट्रीय आय-
(a) नागरिकों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य के बराबर होगी
(b) कुल उपभोग और निवेश व्यय के योग के बराबर होगी
(c) सभी व्यक्तियों की वैयक्तिक आय के योग के बराबर होगी
(d) उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के बराबर होगी।

87. 'हरा सूचकांक' विकसित किया गया है-
(a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा
(b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा
(c) विश्व बैंक द्वारा
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. जोखिम पूंजी से क्या तात्पर्य है?
(a) उद्योगों को उपलब्ध कराई गई अल्पकालीन पूंजी।
(b) नये उद्यमियों को उपलब्ध कराई गई दीर्घकालीन प्रारम्भिक पूंजी।
(c) उद्योगों को हानि उठाते समय उपलब्ध कराई गई निधियाँ।
(d) उद्योगों के प्रतिस्थापन एवं नवीकरण के लिए उपलब्ध कराई गई निधियाँ।

89. किसी दी गई अवधि के लिए एक देश की राष्ट्रीय आय
(a) नागरिकों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य के बराबर होगी।
(b) कुल उपभोग और निवेश व्यय के योग के बराबर होगी।
(c) सभी व्यक्तियों की वैयक्तिक आय के योग के बराबर होगी।
(d) उत्पादित अन्तिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के बराबर होगी।

90. शहरी क्षेत्र में ''गरीबी रेखा'' से निम्नलिखित से औसतन कम कैलोरी प्रतिदिन प्रति व्यक्ति का मानक, भारतीय योजना आयोग द्वारा निर्धारित किया गया था-
(a) 2100 (b) 2400
(c) 2700 (d) 3000

91. वह सूची जो विभिन्न कीमतों पर वस्तु की माँगी जाने वाली विभिन्न मात्राओं को प्रदर्शित करती है
(a) आय सूची कहलाती है
(b) माँग सूची कहलाती है
(c) माँग की लोच कहलाती है
(d) उसे उपयोगिता तालिका कहा जा सकता है

92. एक सामान्य माँग वक्र का ढाल होता है
(a) धनात्मक (b) ऋणात्मक
(c) शून्य (d) अनन्त

93. एक देश की मुद्रा के दूसरे देश की मुद्रा में मूल्य को क्या कहा जाता है ?
(a) मुद्रा दर (b) विनिमय दर
(c) डॉलर दर (d) मुद्रा की मूल्य दर

94. वस्तु की माँग तथा उत्पादन के साधन की माँग
(a) समान नहीं होती
(b) समान होती है
(c) अनिश्चित होती है
(d) वस्तु की कीमत पर निर्भर करती है

95. ब्रेटनवुड्स सम्मेलन का परिणाम है
(a) IMF एव IDA (b) IBRD एव IFC
(c) IMF एव IBRD (d) IMF एव IDA

96. विश्व व्यापार संगठन (WTO) का मुख्य कार्य है
(a) वस्तुओं के व्यापार का नियमन
(b) बौद्धिक सम्पदा अधिकार से सम्बन्धित व्यापार की निगरानी
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

97. विलासिता की वस्तुओं की माँग की मूल्य सापेक्षता
(a) शून्य होती है (b) असीमित होती है
(c) एक-से-कम होती है (d) एक-से-अधिक होती है

98. प्रस्थिापन्न की सीमान्त दर
(a) सदैव ऋणात्मक होती है
(b) कभी-कभी ऋणात्मक हो सकती है
(c) सदैव धनात्मक होती है
(d) कभी-कभी धानत्मक हो सकती है

99. देश के आयातों में सबसे अधिक राशि किस मद पर खर्च की जा रही है ?
(a) दवाइयों (b) खाद्य तेल
(c) सैनिक-साज-सामान (d) पेट्रोलियम पदार्थ

100. आरम्भ में IMF के सदस्य देशों की मुद्राओं की विनिमय दरों को परिभाषित किया गया
(a) केवल डॉलर में
(b) स्वर्ण एवं डॉलर में
(c) अन्य देशों की मुद्राओं में
(d) इनमें से कोई नहीं

101. 14 वें वित्त आयोग का अध्यक्ष किसको नियुक्त किया गया था?
(a) सुमित बोस (b) अनन्त सिंह
(c) डा. वाई. वी. रेड्डी (d) सैम पित्रोदा

102. यदि प्राथमिक घाटे में ब्याज भुगतान को सम्मिलित कर लिया जाय, तो यह बराबर होता है-
(a) बजट घाटे के
(b) राजकोषीय घाटे के
(c) घाटे की वित्त व्यवस्था के
(d) आगम घाटे के

103. निम्न में से प्रत्यक्ष कर कौन है?
(a) आय कर (b) उत्पादन कर
(c) चुंगी कर (d) बिक्री कर

104. निम्नलिखित करों में से राज्य सरकारों द्वारा कौन सा कर नहीं लगाया जाता है?
(a) मनोरंजन कर
(b) राज्य उत्पादन शुल्क
(c) कृषि आय कर
(d) निगम कर (कॉपरेशन टैक्स)

105. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची- (I) (पद) | सूची- (II) (व्याख्या) |
|---|---|
| a. राजकोषीय घाटा | 1. कुल प्राप्तियों की तुलना में कुल व्यय की अधिकता |
| b. बजटीय घाटा | 2. राजस्व प्राप्तियों की तुलना में राजस्व व्यय की अधिकता |
| c. राजस्व घाटा | 3. ऋणदानों को घटाकर कुल प्राप्तियों की तुलना में कुल व्यय की अधिकता |
| d. प्राथमिक घाटा | 4. ऋणादानों और ब्याज अदायगियों को घटाकर कुल प्राप्तियों की तुलना में कुल व्यय की अधिकता |

| कूट– | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**106. निम्न प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक 'कथन (a)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानी पूर्वक परीक्षण कर इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए :-**

**कथन (a)** राजकोषीय घाटा, बजटीय घाटे से बड़ा होता है।

**कारण (R)** राजकोषीय घाटे का अर्थ है, सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक से उधार लेकर तथा अन्य देयताओं से लेकर अपने खर्च पूरे करना।

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पटीकरण नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

**107. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

| सूची- (I) (प्रकाशक) | | सूची- (II) (प्रकाशन) | |
|---|---|---|---|
| a. | उद्योग मंत्रालय | 1. | करेंसी और वित्त संबंधी रिपोर्ट |
| b. | केन्द्रीय सांख्यिकी | 2. | आर्थिक समीक्षा संगठन |
| c. | भारतीय रिजर्व बैंक | 3. | थोक मूल्य सूचकांक |
| d. | वित्त मंत्रालय | 4. | राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी |

| कूट– | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**108. निम्नलिखित में से किस कर का आरोपण केन्द्र करता है, किन्तु संग्रह और विनियोजन राज्य करते हैं?**

(a) स्टाम्प शुल्क (b) यात्री और माल कर
(c) संपदा शुल्क (d) समाचार पत्रों पर कर

**109. किस वर्ष से विदेशी विनिमय प्रबन्धन अधिनियम (FEMA) प्रभावी हुआ?**

(a) 2003 (b) 2002
(c) 2000 (d) 1999

**110. सम्पदा कर भारत में पहली बार किस वर्ष में लागू किया गया?**

(a) 1991 (b) 1976
(c) 1957 (d) 1948

**111. वर्तमान में जीवन-स्तर के अनुमान का आधार क्या है?**

(a) लोचदार
(b) प्रतिव्यक्ति आय
(c) उपभोग्य वस्तुओं की उपलब्धता
(d) तकनीकी ज्ञान का स्तर

**112. कीन्सीय प्रणाली के अन्तर्गत, मुद्रा रूप मजदूरी की दर में गिरावट आने के परिणामस्वरूप**

(a) रोजगार में वृद्धि हो जाएगी
(b) कीमत-स्तर गिर जाएगी
(c) ब्याज दर गिर जाएगी
(d) द्रव्य के परिणाम में कमी हो जाएगी

**113. यदि P = वस्तु की इकाई का मूल्य ही, तो कैम्ब्रिज समीकरण निम्नलिखित प्रकार लिखा जाएगा?**

(a) $P = \frac{M}{KR}$ (b) $P = \frac{KR}{M}$
(c) $P = \frac{KM}{R}$ (d) $P = \frac{KM}{K}$

**114. कैम्ब्रिज समीकण $= \frac{M}{KR}$ में R = 50 लाख इकाइयाँ, K = 60%, M = 60,00,000 रुपये हो, तो सामान्य मूल्य-स्तर (P) क्या होगा?**

(a) 2 रु. प्रति इकाई (b) 0.5 रु. प्रति इकाई
(c) 4 रु. प्रति इकाई (d) इनमें से कोई नहीं

**115. बॉमोल इष्टतम नकदी शेष को किसके द्वारा व्यक्त करते हैं?**

(a) P (b) Y
(c) M (d) C

**116. लागत प्रेरित स्फीति उत्पन्न होने का कारण है**

(a) मौद्रिक मजदूरी में वृद्धि
(b) लाभ की दरों में वृद्धि
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**117. मुद्रा की पूर्ति दी हुई होने पर मुद्रा की माँग बढ़ती है और तरलता अधिमान वक्र**

(a) नीचे को सरक जाता है
(b) ऊपर को सरक जाता है
(c) स्थिर रहता है
(d) इनमें से कोई नहीं

118. मुद्रा स्फीति बढ़ने का कारण है, अनुत्पादकीय व्यय का
(a) घटना (b) बढ़ना
(c) स्थित रहना (d) शून्य हो जाना

119. मुद्रा स्फीति की स्थिति में बैंकिंग प्रणाली, उद्योग एवं व्यापार पर कैसा प्रभाव पड़ता है?
(a) ये बढ़ते हैं (b) ये कम होते हैं
(c) ये स्थिर रहते हैं (d) इनमें से कोई नहीं

120. प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों ने मुद्रा की माँग का कारण क्या बतलाया था?
(a) धन का लोभ
(b) मूल्य के संचार का साधन
(c) विनिमय का माध्यम
(d) क्रय-शक्ति का होना

121. पशुपालन-युग में निम्न में से कौन मुद्रा नहीं थी?
(a) चमड़ा (b) ऊन
(c) धातु के सिक्के (d) पशुओं का दूध

122. एक व्यक्ति दिन-भर में एक मेज अथवा दो कुर्सियाँ बना सकता है, तो एक मेज की अवसर लागत कितनी होगी?
(a) एक मेज (b) दो कुर्सियाँ
(c) एक मेज व दो कुर्सियाँ (d) तीन कुर्सियाँ

123. किसी देश की अदायगी शेष के चालू लेखे में निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवहार जमा की प्रविष्टि का बोधक है?
(a) निजारती माल के आयात
(b) विदेशी कम्पनियों द्वारा प्रदत्त परिवहन सेवाएँ
(c) देश के अन्दर विदेशी पर्यटकों द्वारा खर्च की गई राशियाँ
(d) विदेशी ठेकेदारों तथा इंजीनियरों को दी गई फीस

124. यदि $P = \frac{MV}{T}$ हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(a) P = मुद्रा का मूल्य
(b) T = उत्पादित वस्तुओं की मात्रा
(c) M = मुद्रा की पूर्ति
(d) V = मुद्रा की गति या वेग

125. स्फीतिक दशाओं में व्यापार शेष
(a) अनुकूल होता है (b) प्रतिकूल होता है
(c) अप्रभावित रहता है (d) ये सभी

126. साख की मात्रा के नियमन व नियन्त्रण का कार्य किसके द्वारा किया जाता है?
(a) व्यापारिक बैंक द्वारा (b) केन्द्रीय बैंक द्वारा
(c) सरकार द्वारा (d) साहुकार व महाजनों द्वारा

127. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यय राजय सरकार के द्वारा नहीं किया जाता है?
(a) शिक्षा
(b) प्रतिरक्षा
(c) कृषि विकास व पशुपालन
(d) सिंचाई व विद्युत विकास

128. विदेशी व्यापार के कारण, प्रत्येक देश केवल उसी वस्तु का उत्पादन करता है,
(a) जिसे वह न्यूनतम लागत में बना सके
(b) जिसे वह बिना लागत में बना सके
(c) जिसे वह अधिकतम लागत में बना सके
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

129. देश की मुद्रा का अवमूल्यन
(a) निर्यात को हतोत्साहित एवं आयात को प्रोत्साहित करने का मुख्य उपाय है
(b) निर्यात एवं आयात को प्रोत्साहित करने का मुख्य उपाय है
(c) निर्यात को प्रोत्साहित एवं आयात को हतोत्साहित करने का मुख्य उपाय है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

130. साख गुणक का आकार किस पर निर्भर करता है?
(a) व्यक्तियों की जमाओं पर दिए जाने वाले ब्याज पर
(b) बैंक द्वारा उधार दी गई राशि के परिवर्तन पर
(c) नकद कोष अनुपात पर
(d) उपरोक्त सभी

131. विश्व बैंक द्वारा 'डूइंग बिजनेस 2016 : मेजरिंग, रेग्युलेटरी क्वालिटी एण्ड एफिशिएंसी' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में भारत को कौन सा स्थान दिया गया है ?
(a) 140वां (b) 141वां
(c) 130वां (d) 131वां

132. केंद्रीय क्षेत्र की योजना 'नई मंजील' के लिए पांच वर्ष की अवधि हेतु 650 करोड़ रुपये की मंजूरी 9 दिसंबर, 2015 को दी गई । यह किस मंत्रालय की योजना है ?
(a) कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय
(b) अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय
(c) स्वास्थ्य मंत्रालय
(d) महिला एंव बाल विकास मंत्रालय

133. सार्वभौमिक स्वर्ण बॉण्ड योजना के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से क्या सत्य है ?
(a) यह बॉण्ड की मात्रा में निरूपित होंगे
(b) परिपक्वता पर इनमें निवेशित धन की वापसी स्वर्ण में ही हो सकेगी ।
(c) परिपक्वता पर इनमें निवेशित धन की वापसी स्वर्ण अथवा रुपयों में प्राप्त की जा सकेगी
(d) निवेशित राशि की वापसी केवल रुपयों में ही प्राप्त की जा सकेगी

**134. निम्नलिखित में से किसकी सुदृढ़ता के लिए 'इन्द्रधनुष मिशन' की घोषणा सरकार ने अगस्त 2015 में की है ?**

(a) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक

(b) जीवन बीमा निगम

(c) एयर इण्डिया

(d) बीएसएनएल

**135. महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार कार्यक्रम 'मनरेगा' के तहत् 100 दिन का रोजगार ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। सूखे से प्रभावित क्षेत्रों में 2015-16 में कितने दिन की अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध कराने का फैसला सरकार ने सितम्बर 2015 में किया है ?**

(a) 20 (b) 25

(c) 50 (d) 100

**136. नए प्रस्तावित जीएसटी के लिए दरें सुझाने के लिए निम्नलिखित में से किसकी अध्यक्षता में उच्चस्तीरय समिति कर गठन वित्त मंत्रालय ने किया था। जिसने अपनी रिपोर्ट दिसम्बर 2015 में वित्त मंत्रालय को सौंपी है ?**

(a) उर्जित पटेल (b) अरविंद सुब्रमण्यम्

(c) एच०आर० खान (d) उषा अनन्त सुब्रमण्यम

**137. केन्द सरकार द्वारा शुरू की गई 'उदय' (UDAY) योजना निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?**

(a) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों की कार्य प्रणालियों में सुधार

(b) विदेशी निवेश को बढ़ावा

(c) विदेशी पर्यटन आगमन को प्रोत्साहन

(d) विद्युत वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार

**138. वित्तीय समावेशन (Financial Inclusion) पर एक नई समिति का गठन भारतीय रिजर्व बैंक ने जुलाई 2015 में किया है। निम्नलिखित में से किसे इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है ?**

(a) राकेश मोहन (b) दीपक मोहंती

(c) आन्धति भट्टाचार्य (d) सुब्रत मजूमदार

**139. प्रतिव्यक्ति आय के आधार पर विश्व बैंक द्वारा भारत को किस श्रेण के दर्शों में स्थान दिया गया है ?**

(a) निम्न आय वर्ग (b) निम्न मध्य आय वर्ग

(c) उच्च मध्यम आय वर्ग (d) उच्च आय वर्ग

**140. वर्ष 2018 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में कितने प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि प्राप्त करने का जी 20 की लक्ष्य है ?**

(a) 1.0 प्रतिशत (b) 1.5 प्रतिशत

(c) 2.0 प्रतिशत (d) 2.5 प्रतिशत

**141. यदि सीमान्त बचत प्रवृत्ति MPS = 0.5 हो तो गुणक का मान क्या होगा?**

(a) पाँच (b) चार

(c) तीन (d) दो

**142. निम्नलिखित में से कौन-सी बातें मुद्रा स्फीति को रोकने में सहायक सिद्ध होगी**

1. तदर्थ ट्रेजरी बिलों की प्रणाली की समाप्ति
2. खाद्यान्नों के उत्पादन तथा उनकी आपूर्ति में वृद्धि
3. SLR में घटत

कूट–

(a) 1 और 3 (b) 1 और 2

(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**143. सामान्यतः राष्ट्रीय आय की गणना कब होती है?**

(a) मासिक (b) त्रैमासिक

(c) वार्षिक (d) पंचवर्षीय

**144. प्रो. फिशर ने मुद्रा व इसके मूल्य में कैसा संबंध बताया था?**

(a) धनात्मक (b) क्षैतिज

(c) लम्बवत् (d) ऋणात्मक

**145. भारतीय रुपया है**

(a) प्रामाणिक सिक्का (b) सांकेति सिक्का

(c) 'A' और 'B' दोनों (d) गौण सिक्का

**146. राष्ट्रीय आय लेखांकन के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

(a) यह अर्थव्यवस्था के ढाँचे को समझने में उपयोगी है

(b) यह राष्ट्रीय आय की विभिन्न धारणाओं को स्पष्ट करने में सहायक है

(c) यह भुगतानों का पूर्ण लेखा है

(d) इसमें विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर संबंधों की जानकारी होती है

**147. यदि पूँजी की सीमान्त क्षमता (MEC) ब्याज दर से अधिक है, तब विनियोग पर प्रभाव**

(a) उदासीन रहेगा (b) अनुकूल रहेगा

(c) प्रतिकूल रहेगा (d) ये सभी

**148. मुद्रा के कार्यों को गत्यात्मक एवं अगत्यात्मक में किसने बाँटा था?**

(a) प्रो. कीनले एवं प्रो. कीन्स ने

(b) वॉकर तथा हार्टले विदर्स ने

(c) केण्ट एवं क्राउथर ने

(d) कोलबोर्न एवं पॉल इंजिग ने

149. सुमेलित कीजिए

| सूची-A | सूची-B |
|---|---|
| (a) 'रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया | 1. राष्ट्रीय आय का आकलन |
| (b) प्लानिंग बोर्ड्स | 2. योजना विकेन्द्रीकरण |
| (c) राष्ट्रीय विकास परिषद् | 3. मुद्रा का नियमन |
| (d) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन | 4. पंचवर्षीय योजनाओं की मंजूरी |

| कूट– | (a) | (b | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

150. रिजर्व बैंक ने संकीण मुद्रा किसे माना है?

(a) धातु के सिक्के व नोट को

(b) बैंकों की माँग-जमाओं को

(c) डाकघर की माँग-जमाओं को

(d) धातु के सिक्के, नोट व बैंकों की माँग जमाओं को

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 76. (a) | 77. (c) | 78. (c) | 79. (d) | 80. (a) |
| 81. (c) | 82. (a) | 83. (b) | 84. (c) | 85. (c) |
| 86. (b) | 87. (c) | 88. (b) | 89. (b) | 90. (a) |
| 91. (b) | 92. (b) | 93. (c) | 94. (b) | 95. (b) |
| 96. (c) | 97. (d) | 98. (a) | 99. (c) | 100. (b) |
| 101. (c) | 102. (b) | 103. (a) | 104. (d) | 105. (a) |
| 106. (a) | 107. (b) | 108. (a) | 109. (c) | 110. (c) |
| 111. (b) | 112. (a) | 113. (c) | 114. (c) | 115. (d) |
| 116. (c) | 117. (c) | 118. (b) | 119. (c) | 120. (d) |
| 121. (c) | 122. (b) | 123. (c) | 124. (b) | 125. (d) |
| 126. (c) | 127. (c) | 128. (c) | 129. (c) | 130. (d) |
| 131. (c) | 132. (b) | 133. (d) | 134. (a) | 135. (c) |
| 136. (b) | 137. (d) | 138. (b) | 139. (b) | 140. (c) |
| 141. (d) | 142. (b) | 143. (c) | 144. (c) | 145. (c) |
| 146. (c) | 147. (c) | 148. (c) | 149. (c) | 150. (d) |